राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल की हनुमान जयंती पर शुभकामनाएं

—

जयपुर, 08 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने हनुमान जयंती के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि '' हनुमान जयंती का पर्व हमें आपसी सद्‌भाव और मानवता की सेवा करने की याद दिलाता है। यह पर्व समाज में समरसता के वातावरण का निर्माण करता है। ''

श्री मिश्र ने कहा है कि हनुमान जयंती के पावन पर्व पर हम सभी को समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने के साथ परस्पर प्रेम व सौहार्द्र को बढाने के लिए समर्पित भाव से प्रयास करना चाहिये।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि हनुमान जयंती के मौके पर अपने आस पास के ऐसे लोग जो गरीब है, जिनके पास इस कोरोना वैश्विक महामारी के लॉक डाउन में खाने पीने की व्यवस्था नही है, उन लोगों को भोजन कराये। राज्यपाल ने कहा कि हमें घर में रहकर ही पूजा पाठ करनी है। घर में पूजा पाठ के दौरान सोशल डिस्टेसिंग बनाकर रखनी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की है।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल